तापमान

अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026


4 धान खरीदी के 53 दिन पूरे, अब केवल 15 दिन का वक्त बाकी, 48 हजार किसान पहुंचे





## खबर संक्षेप

### जिपं अध्यक्ष ने स्वास्थ्य सचिव को दिया प्रशंसा पत्र

**कटेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने स्वास्थ्य सचिव को प्रशंसा पत्र दिया है। गोपालपुर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया को एक प्रशंसा पत्र प्रेषित किया है। यह पत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर के निरीक्षण के पश्चात वहां पाई गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और जनोन्मुखी सेवाओं के संदर्भ में भेजा गया। उन्होंने पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों एवं समस्त कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की सुव्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाएं शासन की सकारात्मक नीतियों और प्रशासनिक दक्षता का परिणाम हैं। श्री पाण्डेय ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

### सारंगढ़ की धरती पर रचेगा स्वर्णिम इतिहास

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले के इतिहास में 11 जनवरी का दिन एक नई पहचान गढ़ने जा रहा है। जिले के प्रतिष्ठित गुरु घासीदास पुष्प वाटिका परिसर में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय पत्रकार कार्यशाला, भव्य रात्रिकालीन कवि सम्मेलन एवं सारंगढ़ रत्न सम्मान समारोह न केवल पत्रकारिता और साहित्य का उत्सव बनेगा, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों के सम्मान का ऐतिहासिक मंच भी साबित होगा। आयोजन को लेकर पूरे जिले और आसपास के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उत्साह एवं ऊर्जा का माहौल है। इस ऐतिहासिक एवं बहुआयामी आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप मे जगन्नाथ पाणिग्राही प्रदेश उपाध्यक्ष, गुरु खुशवंत साहेब कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री टंकराम वर्मा प्रभारी मंत्री, राधेश्याम राठिया सांसद रायगढ़, उत्तरी जांगड़े सारंगढ़ विधायक, कविता लहरे बिलाईगढ़ विधायक, चातुरी नंद सरायपाली विधायक, सम्पत अग्रवाल बसना विधायक एवं रामकुमार यादव चंद्रपुर विधायक सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि मंच की शोभा बढ़ाएंगे।

### कलेक्टर ने कोटवारों की समीक्षा बैठक ली

**रायगढ़।** तहसील कार्यालय रायगढ़ के सभा कक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कोटवारों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम स्तर पर कानून.व्यवस्था बनाए रखने में कोटवारों की भूमिकाए कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन तथा उपस्थिति व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी कोटवारों को अपने.अपने ग्रामों में मुसाफिर पंजी का नियमित संधारण करते हुए आगंतुकों का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं की सूचना समय पर ग्राम सचिव अथवा संबंधित कर्मियों को उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उपस्थिति व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया गया कि कोटवार प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय बुधवार को तहसील कार्यालय तथा द्वितीय एवं चतुर्थ बुधवार को संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में ग्रामों में संभावित कानून.व्यवस्था की स्थिति पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या आशंका की स्थिति में तत्काल क्षेत्र के मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचित किया जाए।

### कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

# रात भर भारी और ओवर लोड वाहनों का रेलमपेल सड़कें हो रही खराब, तीन वार्ड के पार्षदों का मोर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रात 11 बजे के बाद यदि चक्रधर नगर चौक से इंदिरा विहार के आगे जाना है तो आपको सावधान रहना होगा। कारण यहां भारी और ओवर लोड वाहनों की इस वक्त रेलमपेल शुरु हो जाती है। इन वाहनों की स्पीड भी इतनी रहती है कि छोटी कारों को मात दे दे। एक नहीं दो नहीं बल्कि दर्जनों वाहनें एक साथ यहां से गुजरती हैं। इस मोहल्ले में रहले वाले लोगों को तो रात भर परेशानी होती है। वहीं इस रोड में सालों से मॉर्निंग वॉक करने वाले भी बंद कर दिए हैं। कारण इन वाहनों से डर है। पहले इंदिरा विहार तक मॉर्निंग वॉक करने वालों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन जब से 22-32 चक्के की गाड़ियां चलनी शुरु हुई है तब से दो चार लोग ही नजर आते हैं। खास बात यह है जिस क्षमता की गाड़ियां इस रोड पर चलती हैं उस क्षमता की सड़कें बनी ही नहीं है। ऐसे हालात में सड़क भी खराब हो रही है। अब इस भयावह समस्या से निजात के लिए तीन वार्ड के पार्षदों ने भी मोर्चा खोल दिया है। इसमें वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद अजय शंकर, वार्ड 22 के पार्षद सरिता जायसवाल और वार्ड नंबर 48 के पार्षद महेश शुक्ला शामिल हैं। इन पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। शहर की सड़कें चार पहिया वाहनों की क्षमता के हिसाब से बनती है, लेकिन यहां तो हर दिन उससे दो-तीन गुनी अधिक क्षमता की वाहनें बेधड़क दौड़ रही हैं। इसका अंदाजा बोईरदादर

**बोईरदादर चौक से इंदिर विहार के आगे तक लगी रहती है लाइन**

चौक स्थित इडेन गार्डन तक लगी भारी और ओवर लोड वाहनों की लंबी कतारों से लगाया जा सकता है। यह लंबी लाइन इंदिरा विहार रोड से आगे तक लगी रहती है। कई बार तो कोई गाड़ी खराब हो जाती है तो यह लाइन दो तीन किमी तक लगती रहती है। खराब होने की स्थिति में एक साइड वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। यह हर रात की कहानी है। रात 11 बजे के बाद से शहर भीतर से भारी और ओवर लोड गाड़ियों की आवाजाही शुरु होती है जो सुबह 6 बजे के आसपास उनके पहिए थमते हैं। अब इन सड़कों पर क्षमता से अधिक लोड की वाहनें चलेंगी तो अंदाजा लगा सकते हैं कब तक सड़क टिकेगी। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

**भटक जाती हैं या ढूंढती हैं सुरक्षित सड़क**

दिलचस्प बात यह है कि कई बार रेलमपेल से बचने भारी और आवर लोड वाहनें शहर के गलियों से भी गुजरती हैं ताकि गंतव्य पर पहले पहुंचा जा सके। इसकी बानगी कुछ दिन पहले देखी गई जब कोयला लोड वाहन केलो बिहार कॉलोनी तिराहे पर रात और दिनभर खड़ी रही। ठीक तिराहे पर गाड़ी खराब हो गई थी। ऐसे में मोड के पास आधी मुड़ी हुई वाहन खड़ी थी।

**कब तक सहनी पड़ेगी यह तकलीफ**

यह तकलीफ तब तक सहनी पड़ेगी जब तक गोवर्धनपुर पुल का निर्माण पूरा नहीं हो जाता। यह पुल टूट गई है। इसके कारण इसे बंद कर दिया गया है। खास बात यह है कि इस पुल का निर्माण करने के लिए सेतु विभाग को ठेकेदार नही मिल पा रहा है। ऐसे में अब तक करीब चार बार टेंडर निकाला जा चुका है। इसके बाद भी न तो ठेकेदार मिला और न ही निर्माण हुआ। अब इसका खामियाजा बोईरदादर, विजयपुर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### जेल में बंद 4 बंदी 18 साल से कम, उम्र सत्यापन में खुलासा



**रायगढ़।** जिला बाल संरक्षण इकाई रायगढ़ द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने आज जिला जेल रायगढ़ में बंदियों के आयु सत्यापन के लिए विशेष जांच अभियान चलाया। यह कार्यवाही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का त्रुटिपूर्ण आयु निर्धारण कर उन्हें जेल में रखे जाने की संभावनाओं को देखते हुए की गई। विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने जेल के समस्त बैरकों का निरीक्षण किया और प्रत्येक बंदी से व्यक्तिगत रूप से पूछताछ कर उनकी आयु का सत्यापन किया। जांच के दौरान चार बंदियों द्वारा स्वयं को 18 वर्ष से कम उम्र का बताया गया। समिति द्वारा इन बंदियों की वास्तविक आयु की पुष्टि हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत उम्र प्रमाणित करने से संबंधित दस्तावेज एकत्रित किए जा रहे हैं तथा बंदियों के परिजनों से संपर्क स्थापित करने हेतु आवश्यक जानकारी भी संकलित की गई है। प्रशासन का कहना है कि किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यदि कोई बंदी नाबालिग पाया जाता है, तो उसे तत्काल बाल संरक्षण प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा।

## लोन के नाम पर हेडमास्टर से लाखों की ठगी, बैंकों से निकलवाए लोन

**किस्त का भुगतान नहीं कर पाने से पीड़ित ने की पुलिस में शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में लोन के नाम पर हेडमास्टर से 20 लाख 76 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जहां परिचित व्यक्ति के द्वारा ही हेडमास्टर के नाम पर अलग-अलग बैंकों से लोन निकलवाकर धोखाधड़ी की गई है, लोन की किस्तें नहीं चुकाए जाने से परेशान पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है,जानकारी के मुताबिक, पीड़ित का नाम लोकनाथ रात्रे (41) नाम है। जो ग्राम बाम्हनपाली का रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि ह घरघोड़ा ब्लॉक के ग्राम पानीखेत स्थित प्राथमिक शाला कन्या आश्रम में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ है।मई 2024 में उनके परिचित सपिया निवासी विद्याचरण गोरे ने उसे अपने मामा गिरीश कुमार जोल्हे से मिलवाया। गिरीश जोल्हे ने लोन संबंधी काम कराने की बात कहते हुए आश्वासन दिया कि वह लोकनाथ के नाम पर लोन निकलवाएगा और सभी किस्तें खुद भरेगा।

**लोन का हिस्सा देने का लालच**

गिरीश जोल्हे ने इस कार्य के बदले लोन राशि का 35 प्रतिशत हिस्सा देने का लालच दिया। भरोसा कर लोकनाथ ने अपना पैन कार्ड, छह माह की ऑनलाइन पे-स्लिप सहित जरूरी दस्तावेज गिरीश को दे दिए। इसके बाद अलग-अलग बैंकों के लोन फॉर्म पर उससे हस्ताक्षर कराए गए।लोकनाथ के अनुसार, उनके नाम पर चोला मंडलम शाखा रायगढ़ से 6 लाख 40 हजार, आईसीआईसीआई बैंक रायगढ़ से 4 लाख, एक्सिस बैंक रायगढ़ से 6 लाख 65 हजार और भारतीय स्टेट बैंक कोड़ातराई शाखा से 10 लाख 20 हजार रुपए, इस तरह कुल 27 लाख 25 हजार रुपए का लोन स्वीकृत कराया गया।

**बुनियादी सुविधाओं का अभाव, मजदूरों को भुगतान के लिए भी नहीं राशि**

## गांव में विकास का वादा कर जीते चुनाव, अब तक है खाली हाथ, ग्रामीणों का टूट रहा सरपंचों से भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गांवों में विकास का वादा कर चुनाव जीतने वाले सरपंचों से अब ग्रामीणों का भरोसा टूटने लगा है। कारण अब तक विकास के नाम पर एक ईंट नहीं रखी गई है। इसका भी कारण है उनके पूरी तरह से खाली है। अब तक एक रुपए शासन से मिली नहीं है। हालात यह है कि अब गांव के लोग जीते हुए जनप्रतिनिधियों को ताने और उलाहना सुनना पड़ रहा है। चुनाव करीब 8 महीने गुजर चुका है, लेकिन अब तक कोई राशि पंचायतों को नहीं मिली है। पंचायतों में इतना भी फंड नहीं है कि काम करने वाले मजदूरों को भुगतान कर सके। हालात यह है कि गांवों में सफाई तक का काम नहीं हो पा रहा है। कई गांवों में तो उधारी से कराए गए सफाई का भी भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे हालात में सरपंचों को दिक्कत होने लगी है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पिछले साल फरवरी-मार्च में हुए थे। जिले की ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने सरपंच का चुनाव इस उम्मीद में किया था कि गांवों का विकास होगा, लेकिन अब गांवों के विकास कार्यों पर वित्तीय संकट गहरा गया है।जिले की ग्राम पंचायतों को पिछले 11 महीनों से 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिली है। इससे पंचायतों के लगभग सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं। सड़क निर्माण, नाली निर्माण, हैंडपंप मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था, पंचायत भवन मरम्मत, श्मशान घाट, मुक्तिधाम, सामुदायिक भवन जैसे काम पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर सीसी रोड, कच्ची सड़क, नाली निर्माण, सामुदायिक चबूतरा, स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप सुधार, पेयजल (बोर/पाइपलाइन) मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और साफ-सफाई जैसे जरूरी काम 15वें वित्त की राशि से ही कराए जाते हैं। लेकिन फंड नहीं मिलने से पंचायत प्रतिनिधि मजबूर हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।फंड रुकने का सीधा असर ग्रामीण मजदूरों पर भी पड़ा है। पंचायत स्तर पर होने वाले निर्माण कार्य और रखरखाव बंद होने से स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। कई पंचायतों में पहले से कराए गए कार्यों का भुगतान भी अटका हुआ है।

**विकास के लिए मिलते हैं 12 से 25 लाख रुपए**

जिले में एक औसत ग्राम पंचायत को सालाना लगभग 12 से 25 लाख रुपए 15वें वित्त आयोग के तहत मिलते हैं। यह राशि दो हिस्सों में आती है—बेसिक ग्रांट (लगभग 60%): सड़क, नाली, पंचायत भवन व अन्य सामान्य विकास कार्य,टाइड ग्रांट (लगभग 40%): पेयजल, स्वच्छता (शौचालय, सफाई, कचरा प्रबंधन) जैसे कार्य

**कई बार दिया जा चुका है ज्ञापन**

इस संबंध में सरपंच संघ अध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि 15वें वित्त की राशि अब तक जारी नहीं हुई है। पंचायतों का कार्यकाल लगभग एक साल पूरा हो चुका है, लेकिन राशि नहीं मिलने से अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि लगातार परेशान हैं। इस संबंध में कई बार ज्ञापन भी जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है।

15वें वित्त की राशि केन्द्र सरकार द्वारा अभी राज्य सरकार तक नहीं आई है। इस संबंध में शासन को पत्र लिखा जा चुका है। फरवरी माह तक राशि के आने की उम्मीद हैं।

**अभिजीत पठारे**
सीईओ, जिला पंचायत

## दो दिनों के अभियान में विभाग ने की लाखों की वसूली, 130 घरों की बिजली भी कटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिजली विभाग ने बकाया बिजली बिल की वसूली में एक बार फिर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।इस बार 10 हजार से अधिक के बकायादारों पर कार्रवाई की गाज गिराई जा रही है। इसके लिए जिले से बाहर की 12 टीम रायगढ़ पहुंची है और मंगलवार से शहर व ग्रामीण क्षेत्र में वसूली की अभियान शुरू किया गया है। पहले दिन 203 बकायादारों के यहां टीम ने दस्तक दी और लगभग 75 उपभोक्ताओं से 15 लाख रूपए की रिकव्हरी की गई। यही नहीं, बल्कि जिन उपभोक्ताओं ने मौके पर बिल जमा नहीं किया उनकी लाईन भी काटने की कार्रवाई की गई। विद्युत विभाग की इस कड़ाई से लंबे समय से बिजली बिल जमा करने में दिलचस्पी नहीं दिखाने वालों में हडक्रम्प मच गई है।

**पहले ही दिन 15 लाख रूपए की वसूली**

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहले ही दिन 203 बकायादारों की सूची लेकर वसूली के लिए टीम निकली थी जिन पर तकरीबन 65 लाख रूपए बकाया हैं। टीम द्वारा मौके पर ही बिल का भुगतान करने कहा जा रहा है, जिनके द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा उनका कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में मंगलवार को 203 बकायादारों की जांच करते हुए 75 से अधिक उपभोक्ताओं से 15 लाख रूपए की वसूली की गई है। इसके अलावा बिल जमा नहीं करने वाले 130 बकायादारों की लाईन काटी गई है। इनसे तकरीबन 35 लाख रूपए की वसूली होनी है।

## नीरज ने एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पश्चिमी क्षेत्र-II का पदभार संभाला



**रायगढ़।** नीरज जलोटा ने 06 जनवरी को एनटीपीसी नवा रायपुर के पश्चिमी क्षेत्र-II के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार संभाल लिया है। इसके अलावा, जलोटा एनटीपीसी नवा रायपुर में कार्यकारी निदेशक-यूएसएससी यूनिफाइड शेयर्ड सर्विस सेंटर का पद भी संभाल रहे हैं।पंजाब यूनिवर्सिटी से बीई मैकेनिकल इंजीनियर, जलोटा 1988 में एक एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए थे। उनके नाम पर आईआईटी दिल्ली से इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में एम और एमडीआई गुड़गांव से बिजनेस डेवलपमेंट में पीजी डिप्लोमा भी है। जलोटा के पास ऑपरेशन, मैकेनिकल मेंटेनेंस और इरेक्शन, बिजनेस डेवलपमेंट, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेशन, कोयला खनन और प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन के क्षेत्रों में समृद्ध और विविध अनुभव है। उन्होंने 37 साल से ज़्यादा के करियर में कई अहम पदों पर काम किया और एनटीपीसी बदरपुर, एनटीपीसी जीई जेवी नोएडा, एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोल माइनिंग और एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग में काम किया। अपने शानदार करियर में, जलोटा ने झारखंड में एनटीपीसी केरंदारी कोल माइनिंग, ओडिशा में एनटीपीसी दुलंगा कोल माइनिंग और झारखंड में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग के अलावा मध्य प्रदेश में एनटीपीसी के जॉइंट वेंचर झाबुआ के सीईओ का पद संभाला।

### सुदूर वनांचल को मिलेगी मजबूत सड़क कनेक्टिविटी

## बरकसपाली रेंगालबहरी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



राज्य शासन की सुशासन एवं पारदर्शी नीति के तहत जिले के खनन प्रभावित एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतरए सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ मद से लगातार सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

इसका उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व वनांचल एवं प्रभावित ग्रामों में आवागमन को सरल बनाना है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के दूरस्थ एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तीव्र गति से स्वीकृतियां दी जा रही हैं। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के माध्यम से ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड तमनार अंतर्गत बरकसपाली से रेंगालबहरी मार्ग निर्माण कार्य को जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ मद से स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क 128.09 लाख रुपए की लागत से निर्मित की जाएगी, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही कृषि उपज के परिवहन, बाजार तक पहुंच और अन्य आर्थिक गतिविधियों में भी आसानी होगीए जिससे ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ होगी और उनकी आय में वृद्धि संभव हो सकेगी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समय.सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 549 ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार एवं आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में जिले के सभी 07 जनपदों की 549 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का सफल और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, पंच, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मजदूर शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत हितग्राहियों को किस्त भुगतानए निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा समयबद्ध आवास निर्माण की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि आवास निर्माण के दौरान हितग्राही 90 दिवस की मनरेगा मजदूरी के पात्र हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल सके। ग्रामीण विकास की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए वीवी जी राम जी स्कीम पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी तथा ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान पाम्पलेट, पोस्टर, दीवार लेखन एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना एवं ग्रामीण विकास में जन.भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

## खबर संक्षेप

### ओडिशा में शीत लहर का कहर, राउरकेला में दूसरा सबसे कम तापमान दर्ज

**राउरकेला।** ओडिशा में शीत लहर के और तेज होने के साथ रात्रि तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस क्रम में राउरकेला ने राज्य में दूसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। सबसे ठंडा स्थान झारसुगुड़ा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे पश्चिमी ओडिशा में कड़ाके की ठंड की स्थिति और गंभीर होने के संकेत मिले हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी के अनुसार राज्य के अन्य जिलों में भी रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है। क्योंझर में 9 डिग्री सेल्सियस, जबकि बालासोर में 10.3 डिग्री सेल्सियस और संबलपुर में 10.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी भुवनेश्वर में तुलनात्मक रूप से अधिक न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

### ढाई माह पहले बताए गए अखाड़ा जुलूस के नियम कायदे



**राउरकेला।** इस साल 26 मार्च को मनाए जाने वाले श्री राम नवमी उत्सव को सुरक्षित और शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने ढाई महीने पहले ही तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस कप्तान नितेश वाधवानी के आदेश पर साल के प्रथम मंगलवार को अखाड़ा कमेटियों की पहली बैठक आयोजित की गई। प्लांट साइट थाना में थाना प्रभारी विभत्स प्रधान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य मार्ग और रेलवे कॉलोनी के सात अखाड़ों के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जुलूस के दौरान खतरनाक खेल, तलवारबाजी, अस्त्र.शस्त्र बोर्ड, समय पालन और अन्य नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पाबंदियों और सुरक्षा उपायों पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी श्री प्रधान ने बताया कि समय पूर्व बैठक करने का उद्देश्य जुलूस को शांति और सद्भावपूर्ण बनाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे सतर्क कदमों की योजना तैयार करना है। उन्होंने सभी अखाड़ा सदस्यों से सहयोग और नियमों के पालन का आग्रह किया। उपस्थित अखाड़ा सदस्यों ने पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग देने का भरोसा जताया और स्पष्ट किया कि वे परंपरागत अखाड़ा जुलूस को हर हाल में सुरक्षित रूप से आयोजित करेंगे।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम रैरूमाकला निवासी स्व.मयंक तिग्गा का आकाशीय बिजली से 08 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता ज्योति प्रकाश हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### फिटनेस प्रमाण-पत्र के नाम पर अवैध वसूली पर कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिला चिकित्सालय जशपुर में पुलिस विभाग के अभ्यर्थियों से फिटनेस प्रमाण-पत्र बनाने के दौरान अवैध रूप से राशि मांगने के गंभीर प्रकरण सामने आने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दो कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उल्लंघन एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (क) के अंतर्गत की गई है। निलंबित किए गए कर्मचारियों में जिला अस्पताल में पदस्थ भृत्य श्री सुबोध राम एवं चौकीदार राजू यादव शामिल हैं। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस विभाग के अभ्यर्थियों से फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी कराने के दौरान अवैध रूप से राशि की मांग की थी। निलंबन अवधि में सुबोध राम का मुख्यालय कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार निर्धारित किया गया है, जबकि राजू यादव का मुख्यालय कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा नियत किया गया है।

---

### समग्र शिक्षा के एपीसी, एबीईओ, सरपंच एवं अन्य गणमान्यजनों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

# पीएमश्री शाला बघिमा में सांस्कृतिक प्रदर्शनी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

समग्र शिक्षा जिला जशपुर के योजना अंतर्गत पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बघिमा में सांस्कृतिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना गीत से हुई। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और जन जागरूकता थीम पर आधारित कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीतों के साथ-साथ देश भक्ति एवं नागपुरी गीतों में भी बच्चों ने नृत्य में अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के शुरुआत में विद्यालय के शिक्षक रवि गुप्ता ने विद्यालय के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है कि यहां के विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय में नियमित रूप से हो रहा है एवं विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इस दौरान जागरूकता के तहत बच्चों ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्ति से संबंधित नाटक भी प्रस्तुत किया एवं प्रेरणादाई गीत सुनाए।

- ■ बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम




#### विजेताओं का सम्मान

इससे पूर्व विद्यालय में आयोजित कुर्सी दौड़, बैलून रेस, बोरा दौड़ एवं अन्य विधाओं में विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। नवोदय विद्यालय में चयनित आशीष यादव के पालक को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के शिक्षक रवि गुप्ता को 2026 में राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन होने पर उपस्थित मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान समग्र शिक्षा के एपीसी गणेश सिन्हा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के द्वारा पीएम श्री शालाओं में विभिन्न प्रकार के बेहतर सुविधा प्रदान की गई है एवं बच्चों को इस योजना के कारण शैक्षणिण गुणवत्ता में काफी देखी गई है एवं छात्र संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है।

#### बाहर आती है प्रतिभाएं

सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर टुमनु गोसाई ने स्कूल के बेहतर माहौल की तारीफ की एवं उन्होंने अपने भाषण में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को सामने लाने का सबसे सशक्त जरिया हैं, जिससे उनका मनोबल ऊंचा होता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक सुरेश खलखो द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समग्र शिक्षा एपीसी दीपा गुप्ता, पीएम श्री योजना के प्रोग्रामर अरुण चंद्रा, सरपंच पार्वती भगत, शाला समिति के अध्यक्ष शांतिलाल यादव, शिक्षक सीमा गुप्ता, ऋचा गुप्ता, मीना सिन्हा, मनोहर टोप्पो, तरीका बुनकर, रंजिता सारंगी, रूबी प्रियंका खेस माध्यमिक शाला के शिक्षक, पालक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

---

# झारखंड से आ रहा था धान पुलिस ने पकड़े दो ट्रक



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन के बीच सरहदी राज्यों से अवैध धान परिवहन पर जशपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्यवाही की है। चौकी आरा क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने झारखंड से धान लेकर आ रहे दो ट्रकों को पकड़ लिया। दोनों ट्रकों से 400 बोरी में कुल 160 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 3 लाख 68 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त धान को आगे की कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, 7 जनवरी की सुबह करीब 5 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केतार के पास दो संदिग्ध ट्रक भारी मात्रा में धान लेकर जा रहे हैं।

- ■ 400 बोरी में 160 क्विंटल धान जब्त, कीमत 3.68 लाख

**दस्तावेज नहीं दिखा सके चालक:** पूछताछ में ट्रक चालकों ने बताया कि वे झारखंड से धान लोड कर जशपुर ला रहे थे। जब पुलिस ने उनसे मंडी टोकन और वैध दस्तावेज मांगे तो वे कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस ने धान समेत दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया।

**अब तक 1,960 क्विंटल धान पकड़:** चुकी है पुलिस: पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अवैध धान परिवहन रोकने के लिए सरहदी रास्तों पर लगातार नाकाबंदी और पेट्रोलिंग की जा रही है। अब तक जशपुर पुलिस 7 ट्रक, 22 पिकअप और 3 ट्रैक्टर से कुल 1,960 क्विंटल धान पकड़कर जिला प्रशासन को सौंप चुकी है।

**कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी:** पुलिस ने साफ किया है कि धान खरीदी सीजन के दौरान अवैध धान परिवहन के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।

---

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के खिलाफ सीटू का प्रदर्शन




**राउरकेला।** तेल और खनिज संपदा से समृद्ध, गणतांत्रिक और संप्रभु राष्ट्र वेनेजुएला पर अमेरिका द्वारा किए गए सैन्य हमले के विरोध में मंगलवार को राउरकेला के अम्बागान क्षेत्र में भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीआईटीयू की ओर से विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका से तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने, कैरिबियन सागर क्षेत्र से अपनी सेना वापस बुलाने तथा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को तुरंत रिहा करने की जोरदार मांग की। यह विरोध प्रदर्शन सीआईटीयू के राज्य सचिव बसंत नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वक्ताओं ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसने संयुक्त राष्ट्र के नियमों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की खुलेआम अवहेलना करते हुए वेनेजुएला की संप्रभुता पर हमला किया है। प्रदर्शन के दौरान अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के विभिन्न क्षेत्रों में बमबारी किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष श्रीमंत बेहेरा, सुरेंद्र दास, राज्य सचिव हृदयानंद यादव, बीपी महापात्र, जयति साहू, सुरेंद्र महांति, लक्ष्मीधर नायक, चंद्रभानु दास, प्रदीप सेठी और अरु दास ने कहा कि जब पूरा विश्व नववर्ष के स्वागत में उत्सवमय था, उसी समय साम्राज्यवादी अमेरिका ने वेनेजुएला की तेल और खनिज संपदा पर कब्जा जमाने की नीयत से हमला कर दिया। वक्ताओं ने इसे न केवल वेनेजुएला बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

- ■ राष्ट्रपति मदुरो व पत्नी की रिहाई की मांग

# सत्यानारायण जटिया से समाजसेवी ने की मुलाकात



**राउरकेला।** ओडिशा के युवा नेता और समाजसेवी डॉ. राज कुमार यादव ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा संसदीय बोर्ड तथा केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक सरोकारों और युवाओं की भूमिका पर सार्थक चर्चा की। डॉ. यादव ने ओडिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य,ए रोजगार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज और राष्ट्र के विकास को नई दिशा दी जा सकती है। सत्यनारायण जटिया ने डॉ. यादव के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश को निष्ठावान और कर्मठ युवाओं की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने जनसेवा और विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने पर जोर दिया। मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अंत में डॉ. यादव ने जटिया का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर आभार व्यक्त किया और कहा कि वरिष्ठ नेताओं के अनुभव से उन्हें भविष्य में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

## बदलते युग में चिता कुटा परंपरा ने अपनाया नया रूप, टैटू बन गया फैशन का प्रतीक

**राउरकेला।** समय के साथ परंपराएं भी अपना रूप बदलती जा रही हैं। कभी शरीर पर पहचान और आस्था के प्रतीक के रूप में प्रचलित चिता कुटा परंपरा आज आधुनिक युग में टैटू के रूप में सामने आ रही है। यह पुराना चलन अब नए फैशन और अभिव्यक्ति का माध्यम बन गया है। टैटू के प्रति बढ़ती मांग को देखते हुए राउरकेला के विभिन्न इलाकों में कई टैटू पार्लर खुल चुके हैं। विशेषकर युवा पीढ़ी में वॉटर कलर, प्राकृतिक रंग, कस्टमाइज्ड डिजाइन, जटिल आकृतियां और थ्री डी टैटू को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। टैटू अस्थायी और स्थायीकृदोनों प्रकार के होते हैं। जहां कुछ टैटू विवाद का कारण बनते हैं, वहीं कई मामलों में यह गुमशुदा लोगों की पहचान में भी सहायक सिद्ध होते हैं। अम्बागान तलमार्केट के टैटू व्यवसायी अरुण नायक बताते हैं कि हर वर्ग में टैटू का चलन बढ़ा है और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है

# पिकनिक स्पॉट में बढ़ी भीड़, प्रशासन सतर्क मद्यपान, स्नान व सेल्फी पर लगा प्रतिबंध



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के प्रमुख और अत्यंत आकर्षक व रोमांच से भरे पर्यटन स्थल कनकुंड को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण सतर्क सूचना जारी की है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थल जितना मनोरम है, उतना ही खतरनाक भी माना जाता है। पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुंदरगढ़ पुलिस ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कई गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। पुलिस के अनुसार कनकुंड के पत्थर शय्या क्षेत्र में मद्यपान पूर्णतः निषिद्ध है। साथ ही मद्यपान की अवस्था में पत्थर शय्या के निकट जाने की सख्त मनाही की गई है। इसके अलावा पत्थरों के बीच स्नान करनाए सेल्फी लेना और फोटो खींचना भी वर्जित घोषित किया गया है, क्योंकि इन गतिविधियों के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका अत्यधिक बनी रहती है। आपात स्थिति से निपटने के लिए तलसरा थाना द्वारा चार मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में पर्यटक तुरंत पुलिस से संपर्क कर सकें। पुलिस ने अपील की है कि इन नंबरों को अपने पास सुरक्षित रखें और आवश्यकता पड़ने पर बिना हिचक संपर्क करें। उल्लेखनीय है कि कनकुंड पर्यटन स्थल राउरकेला से लगभग 128 किलोमीटर तथा सुंदरगढ़ नगर से करीब 44 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बालिशंकरा के समीप स्थित यह स्थल न केवल ओडिशा बल्कि छत्तीसगढ़ और झारखंड से भी बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। लाल और धूसर बालू पत्थरों के बीच से बहती इब नदी का दृश्य यहां आने वाले सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर देता है। विशेषकर सुबह के समय सूर्योदय और शाम को सूर्यास्त का नज़ारा प्रकृति प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन जाता है।

# जिला स्तरीय मत्स्य एवं पशु संसाधन मेला का उद्घाटन

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग द्वारा जिला स्तरीय मत्स्य एवं पशु संसाधन मेले का उद्घाटन स्थानीय नारी कल्याण केंद्र मैदान में दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया गया। जिले के 17 ब्लॉकों से 1200 से अधिक मत्स्य एवं पशुपालकों ने इसमें भाग लिया। इस जिला स्तरीय मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सुंदरगढ़ जिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती कुंती प्रधान तथा सुंदरगढ़ नगरपालिका की अध्यक्ष श्रीमती तनया मिश्रा ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुंदरगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. लक्ष्मीप्रिया प्रधान ने सभा को संबोधित किया। जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार पाणिग्राही ने स्वागत भाषण देते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु उपस्थित मत्स्य एवं पशुपालकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कोइड़ा की सहायक मत्स्य अधिकारी आकांक्षा दास ने किया। सभा में पशु संसाधन विभाग की ओर से हेमगिरी ब्लॉक के सफल कुक्कुट पालक प्रदीप कुमार साहू, कुआरमुंडा ब्लॉक के सफल बकरी पालक सुंदर बिंझिया तथा लहुणीपाड़ा ब्लॉक में सफल बकरी पालन के लिए गायत्री महिला स्वयं सहायता समूह को सम्मान पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# घरघोड़ा में युवा कांग्रेस की बैठक टास्क पूरा करने की बनी रणनीति



**घरघोड़ा।** युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण के जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के निर्देश पर घरघोड़ा ब्लॉक अंतर्गत युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय फार्म हाउस में बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के साथ साथ पूर्व विधायक प्रतिनिधि किरोड़ी तायल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, धनेश्वर साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उस्मान बेग न कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी महीनों का विशेष टास्क हम सभी को दिया है। आने वाले दिनों में ब्लॉक कमेटी से लेकर नगर और बूथ कमेटी का विस्तार हमे इसी माह में ही कर लेना है और सभी कमेटी के पदाधिकारियों को प्रभार देकर कमेटियों को सत्यापित कर उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में तय हुआ कि मुख्य युवा और आम जनता के मुद्दों को चिन्हित कर उनके समाधान हेतु निर्णायक लड़ाई लड़ना है। वही पूर्व विधायक प्रतिनिधि किरोड़ी तायल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, धनेश्वर साहू ने सभी युवाओं को कहा की संघठन को मजबूत कर युवाओं को पार्टी और संगठन में जोड़ने अभियान छेढ़ने आह्वाहन कर सभी में ऊर्जा का संचार किया।

# विशेष आवासीय कोचिंग शिविर में पहुंचे कलेक्टर, विद्यार्थियों को दिए सफलता के मन्त्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला प्रशासन द्वारा रायगढ़ जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय विशेष आवासीय कोचिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है जिन्होंने छमाही परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

इसी क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी विशेष आवासीय कोचिंग शिविर स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि निरंतरताए अनुशासन और आत्मविश्वास किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि आनंद के रूप में लेंए समय प्रबंधन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने लक्ष्य को पाने की तीव्र इच्छा स्वयं में विकसित करें। कलेक्टर ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि असफलताएं अंत नहीं होतींए बल्कि वे सफलता की ओर ले जाने वाले महत्वपूर्ण अनुभव होती हैं। शिविर का आयोजन 5 से 7 जनवरी तक पंचायत सचिव एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में किया जा रहा है। विशेष आवासीय कोचिंग शिविर के प्रथम दिवस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने कहा कि प्रतिभा तभी निखरती है जब उसे सही मार्गदर्शन, सकारात्मक वातावरण और निरंतर अभ्यास मिले। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करनेए उत्तर लेखन में स्पष्टता रखने और समय का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केव्ही राव ने अपने विशेष एवं व्यावहारिक उद्बोधन में स्वयं चॉक पकड़कर कक्षा लेते हुए विद्यार्थियों के भौतिकी विषय से संबंधित संदेहों का समाधान किया। उन्होंने परीक्षा के ब्लूप्रिंट पर फोकस करते हुए अध्यायवार अंक वितरण, प्रश्न चयन और अधिकतम अंक प्राप्त करने की रणनीति विस्तार से समझाई। इस प्रत्यक्ष शिक्षण से विद्यार्थियों में विषय के प्रति आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

## 40.02 लाख में बिका टेंडर, कुल राशि 49.02 लाख पहुंची

# जतरा मेला ठेका नीलामी में टूटा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




जिले की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले जतरा मेला के आयोजन को लेकर इस वर्ष ऐतिहासिक फैसला सामने आया है। जशपुर नगर पालिका के सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित ठेका प्रक्रिया (टेंडर) में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मेला ठेका रिकॉर्ड 40 लाख 2 हजार रुपए में नीलाम हुआ।

सर्वाधिक बोली लगाकर आसित राम ने जतरा मेला का ठेका अपने नाम किया। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार यह बोली जतरा मेला के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी और महंगी नीलामी है। इससे पहले कभी भी मेला ठेका इतनी ऊंची राशि पर नहीं गया था। बीते वर्ष जहां मेला ठेका 28 लाख 25 हजार रुपए में नीलाम हुआ था, वहीं इस वर्ष पहले ही 31 लाख रुपए की सरकारी बोली तय की गई थी। नीलामी के दौरान उम्मीद से कहीं अधिक उछाल देखने को मिला।

#### गौशाला समिति को अलग से 9 लाख रूपए

नगर पालिका को दी जाने वाली ठेका राशि के अतिरिक्त, सफल ठेकेदार को 9 लाख रुपए अलग से गौशाला समिति को भी भुगतान करना होगा। इस संबंध में गौशाला समिति के अध्यक्ष अभय सोनी ने बताया कि परंपरा और निर्धारित नियमों के अनुसार यह राशि गौशाला समिति द्वारा ली जाती है। उन्होंने पुष्टि की कि इस वर्ष कुल ठेका राशि अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई है।

#### कुल ठेका राशि 49.02 लाख रूपए

इस प्रकार इस वर्ष जतरा मेला के लिए ठेकेदार को कुल मिलाकर नगर पालिका को 40 लाख 2 हजार रुपए एवं गौशाला समिति को 9 लाख रुपए कुल राशि 49 लाख 2 हजार रुपए का भुगतान करना होगा, जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है।

#### राजस्व में बड़ी बढ़ोतरी

रिकॉर्ड बोली से नगर पालिका के राजस्व में इस वर्ष बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट है कि जतरा मेला न केवल आस्था और परंपरा का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी नगर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन बन चुका है। नगर पालिका परिषद जशपुर के सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ने कहा कि जतरा मेला जशपुर की सांस्कृतिक पहचान है। इस वर्ष ठेका नीलामी में रिकॉर्ड राशि प्राप्त हुई है, जिससे नगर पालिका के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मेला को व्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

## लाइफ Style



# तारा
## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।

## हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रिया सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ



रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।

# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



## 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

## नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

## ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने पिछले सप्ताह उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, शिक्षा शर्मा डिप्टी कलेक्टर, बरमकेला तहसीलदार पुष्पेंद्र राज, दीपक जायसवाल सिविल सर्जन और सोनू साहू अनुबंधित जिला समन्वयक जनसंपर्क विभाग को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा प्रशासनिक कार्यों में समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने मतदाताओं को दस्तावेजों की दी जानकारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के क्लस्टर केंद्र ग्राम पंचायत छिंद और नगरपालिका परिषद कार्यालय सारंगढ़ में जाकर वहां मतदाताओं के द्वारा किए जा रहे दावा आपत्ति सुनवाई कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने मतदाताओं से चर्चा कर दस्तावेजों के बारे में समझाकर उनके समस्याओं का समाधान किया। कलेक्टर ने दोनों स्थानों में प्रभारी अधिकारी एसडीएम वर्षा बंसल और सीएमओ ज्ञान पुंज कुलमित्र को कहा कि लोगों को भलीभांति समझाने वाला कोई कर्मचारी की ड्यूटी लगाए, मुख्य रूप से लोगों के प्रश्नों के जवाब दे साथ ही आवश्यक मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य दस्तावेजों के बारे में जानकारी दे सके। राज्य में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला 13वे स्थान पर है, जहां 15 हजार 413 मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्य के दावा आपत्ति अवधि जो 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक चल रहा है। इसमें पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र नाम कटाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान पत्थरबाजी

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला शहर में कानून व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति एक बार फिर सामने आईए जब रघुनाथपाली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गंगाधर पाली इलाके में पुलिस टीम पर कथित रूप से हमला किया गया। यह घटना उस समय घटी, जब पुलिस बाइक चोरी के एक मामले में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही थी। सूत्रों के अनुसार, भुवनेश्वर के पहल पुलिस स्टेशन की एक विशेष टीम जांच के सिलसिले में राउरकेला पहुंची थी। इस टीम ने स्थानीय रघुनाथपाली पुलिस के सहयोग से गंगाधर पाली में छापेमारी की, लेकिन असामाजिक तत्वों ने अचानक पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हमले में भुवनेश्वर कमिश्नरेट पुलिस के कई कर्मी और रघुनाथपाली स्टेशन के स्टाफ घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। यह घटना शहर में बढ़ते अपराध और पुलिस पर हमलों की बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करती है।

## तीन लाख एमटी खरीदी, 2 लाख 70 हजार एमटी का कटा डीओ

# धान खरीदी के 53 दिन पूरे, अब केवल 15 दिन का वक्त बाकी, 48 हजार किसान पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धान खरीदी के 53 दिन पूरे हो गए हैं। हालांकि इसमें करीब .15 दिन सरकारी और अन्य अवकाश होने की वजह से खरीदी नहीं हुई है। दूसरी ओर अब केवल 15 दिन ही धान बिक्री के लिए किसानों को समय मिलेगा। अब तक के आंकड़ों पर गौर करें तो तीन लाख एमटी धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं 2 लाख 70 हजार एमटी का डीओ भी कट चुका है, लेकिन उठाव केवल आधे का ही हो सका है। अब तक करीब 48 हजार किसान उपार्जन केंद्रों तक पहुंच चुके है। बाकी किसानों को अपना धान 15 दिन के भीतर सेंटर लेकर जाना पड़ेगा। नहीं तो वंचित भी हो सकता है।

जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 48 हजार से अधिक किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया जा चुका है। वहीं कुल 2,96,701.92 मीट्रिक टन धान की खरीदी पूर्ण की जा चुकी है। इसमें 2,21,612.04 मीट्रिक टन मोटा धान एवं 75,089.88 मीट्रिक टन सरना धान शामिल है। धान खरीदी के साथ-साथ उठाव की प्रक्रिया भी तेज गति से जारी है। कुल खरीदे गए धान में से मिलर्स को उठाव हेतु 2,69,143.20 मीट्रिक टन का डीओ जारी किया जा चुका है, जिसमें से अब तक 1,64,294.10 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इससे उपार्जन केंद्रों में भंडारण व्यवस्था सुचारू बनी हुई है। धान खरीदी से जुड़े सभी अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों की निरंतर और गंभीर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि कोई भी पात्र किसान धान विक्रय से वंचित न रहे तथा किसानों से धान खरीदी पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से धान खपाने में सफल न हो सके। उनके निर्देशानुसार जिले के सभी एसडीएम एवं नोडल अधिकारियों द्वारा 105 उपार्जन केंद्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है तथा किसानों को हर संभव सुविधा प्रदान की जा रही है।



खरीदी केन्द्र में धान भरते किसान।

# मातृ-शिशु अस्पताल में प्री मेच्योर शिशु का उपचार

- 850 ग्राम वजन के नवजात को मिला नया जीवन, 65 दिनों की सतत चिकित्सा से बढ़ा वजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला मुख्यालय स्थित 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल में एक अत्यंत कम वजन वाले प्रीमेच्योर शिशु का सफल उपचार कर चिकित्सा सेवा की एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई है।

विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम सामारूमा निवासी प्रमोद सिदार ने अपनी पत्नी को प्रसव पीड़ा के दौरान 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल में भर्ती कराया था। 30 अक्टूबर को उनकी पत्नी श्रीमती निरमा बाई ने एक प्रीमेच्योर शिशु को जन्म दिया, जिसका वजन मात्र 850 ग्राम था। जन्म के समय शिशु की स्थिति अत्यंत नाजुक थी और तत्काल विशेष चिकित्सा देखरेख की आवश्यकता थी। नवजात को तत्काल 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया, जहाँ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की टीम द्वारा निरंतर निगरानी में उपचार किया गया। शिशु को 65 दिनों तक गहन चिकित्सा कक्ष में रखकर विशेष देखभाल प्रदान की गई।

# श्रीधर क्रिकेट अकादमी की टीम को हरा कर भुवनेश्वर केप पहुंची सेमी फायनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में खेले जा रहे आमंत्रण कप अखिल भारतीय डयूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में भुवनेश्वर केप ने श्रीधर क्रिकेट अकादमी रायपुर की टीम को 27 गेंद शेष रहते 7 विकेट से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

श्रीधर क्रिकेट अकादमी रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया शुरुआत में ही रायपुर के 2 ओवर में 2 रन पर 3 विकेट गिर गए मध्य क्रम के बल्लेबाज पारी को संभाला एम बिन्नी 90 गेंद पर 90 रन श्रीधर अय्यर कप्तान 49 गेंद में 38 रन जितेन्द्र ठाकुर ने 13 गेंद पर 18 रन एवं आदित्यनाथ सिंह 23 गेंद पर 25 रन की बदौलत टीम 30 ओवर में 189 रन बना सकी भुवनेश्वर केप की ओर से कमलकांत शर्मा एवं विद्याधर बेहरा ने 2.2 एवं मोहम्मद अनस ने 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भुवनेश्वर केप के सलामी बल्लेबाज परवेज आलम 41 गेंद में 42 रन आयुष चंद 66 गेंद मे 58 रन एवम मोहम्मद अनस नाबाद 70 रन की बदौलत 25.3ओवर में ही विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया रायपुर की ओर से सौम्या केसरी और आदित्यनाथ ने 1.1 विकेट लिए आज के मैच के मैन ऑफ द मैच मोहम्मद अनस रहे अंपायरिंग की जिम्मेदारी किशोर कसेर एवं हिमांशु चावडा ने संभाली।

### सत्याराम ने गांव से शहर तक पहुंचाई ऑर्गेनिक तेल की खुशबू

**रायगढ़।** बड़े नवापारा बरमकेला के रहने वाले सत्याराम साहू, जो कभी केवल पारंपरिक खेती करते थे, आज जिले के सफल ऑर्गेनिक ऑयल उद्यमियों में गिने जाते हैं। पीएमएफएमई योजना की सहायता और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने अपने छोटे व्यवसाय को बड़े स्तर पर विकसित किया और अपनी मेहनत को सफलता में बदल दिया। सत्याराम साहू का परिवार पारंपरिक खेती पर निर्भर था। बढ़ती लागत और कम दाम की वजह से उनकी आमदनी सीमित थी और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा था। इसी दौरान उन्होंने यह ठाना कि कुछ नया किया जाए और खेती भी से आय बढ़ाई जाए। उन्होंने महसूस किया कि बाजार में केमिकल फ्री और ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उनके क्षेत्र में सरसों, तिल और मूंगफली की अच्छी पैदावार थी।

# पुसौर में चल रहे विकास कार्यों का कलेक्टर ने लिया जाएजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने का निर्देश



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने पुसौर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने हाई स्कूल पुसौर परिसर में नगर पंचायत पुसौर द्वारा जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से स्वीकृत विकास कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान डीएमएफ से निर्मित दो ओवरहेड टैंकों की भौतिक प्रगति, निर्माण गुणवत्ता, जल भंडारण क्षमता तथा पेयजल आपूर्ति की उपयोगिता की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल से संबंधित कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा तथा सभी तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र पुसौर एवं कोसमंदा समिति का निरीक्षण कर खरीदी प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने तौल व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, किसानों के लिए छाया, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था तथा भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान विक्रय के लिए आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### कांग्रेस कितना भी विरोध कर ले विकसित भारत की कल्पना होगी साकार: सवन्नी



**रायगढ़।** क्रेडा अध्यक्ष भूपेद्र सवन्नी ने मोदी सरकार द्वारा रोजगार गारंटी योजना में किए गए सुधारों के संबंध को लेकर प्रेस को संबोधित किया। उन्हों ने कहा कि मनरेगा मौजूद विसंगतियों को दूर करने एवं मोदी सरकार के विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए मनरेगा में सुधारों को लागू करते हुए ही जी राम जी योजना लागू की जा रही है।कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध के संबंध में क्रेडा अध्यक्ष ने मीडिया से कहा आखिर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को विकसित भारत और भगवान राम के नाम से इतनी नफरत क्यों है। कांग्रेस कितनी भी साजिश रच ले, मोदी जी द्वारा लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं की पारदर्शिता की वजह से देश 2047 तक श्विकसित भारत बन कर रहेगा। उन्होंने बताया कि मनरेगा पर अब तक 11.74 लाख करोड़ रुपयों में सबसे अधिक खर्च मोदी सरकार ने 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। कांग्रेस इस योजना का नाम बदलने पर विधवा विलाप कर रही है। क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र ने अहम एवं चौंकाने वाली जानकारी देते हुए कहा रोजगार योजना का नाम पहले से महात्मा गाँधी के नाम पर नहीं था। 1980 में इंदिरा गांधी ने सभी पुरानी रोजगार योजनाओं को मिला कर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना का नाम दिया जिसे राजीव गाँधी ने जवाहर रोजगार योजना का नाम दे दिया। कांग्रेस की सरकार ने जब जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान नहीं था। इसी तरह, आवास योजना का नाम पहले ग्रामीण आवास योजना था, राजीव गांधी ने 1985 में इसका नाम बदल कर इंदिरा आवास योजना कर दिया था।

# 22 जनवरी तक होगी जिले के विधानसभा क्षेत्रों में दस्तावेज सत्यापन और सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अर्हता तिथि 01 जनवरी के अंतर्गत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक नोटिस चरण में मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।

विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्वाचक नामावलियों में सभी पात्र नागरिकों के नाम सम्मिलित हों तथा किसी भी प्रकार से अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रहें। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 04 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ एवं 35 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एईआरओ पदाभिहित किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अनमैप्ड निर्वाचकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ईआरओए एईआरओ एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने वाले मतदाताओं को कुल तीन अवसर प्रदान किए जाएंगे। वहीं मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा नए मतदाताओं एवं सभी पात्र लेकिन अब तक अपंजीकृत नागरिकों से फॉर्म.6 प्राप्त किए जा रहे हैंए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए निम्नानुसार दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। इनमें केंद्र एवं राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक उपक्रमों के नियमित कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्डए विश्वविद्यालयों द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, भूमि अथवा गृह आबंटन प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज शामिल हैं।

# ईएमआरएस छर्राटांगर की हेमकांता ने बढ़ाया मान

**घरघोड़ा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर, घरघोड़ा की एक होनहार छात्रा हेमकांता राठिया ने अपनी असाधारण प्रतिभा के दम पर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे रायगढ़ जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है।



कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी हेमकांता का चयन अब भारत सरकार के प्रतिष्ठित बेंगलुरु में आयोजित होने वाले 'सेमी कंडक्टर ट्रेनिंग प्रोग्राम' के लिए हुआ है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि हेमकांता कक्षा छठवीं में प्रवेश के समय से ही एक अत्यंत अनुशासित और कुशाग्र बुद्धि छात्रा रही हैं। उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। हेमकांता अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत को देती हैं। उनका कहना है, मुझे सदैव अपने शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिला है, विशेषकर हमारे प्राचार्य महोदय ने व्यक्तिगत रूप से मेरा मार्गदर्शन किया और मेरी पढ़ाई-लिखाई का खास ख्याल रखा। भविष्य में भी मुझे उनके सहयोग का पूरा भरोसा है।

# कलेक्टर ने तीर्थ यात्रियों के बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार को सुबह 7 बजे श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन तीर्थ यात्रा योजना के यात्रियों से भरे बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर ने यात्रियों से कुशलक्षेम पूछकर उनके यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस यात्रा के लिए जिले के तीनों विकासखंड बरमकेला, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ से यात्रियों का चयन किया गया है। यह जत्था बस से रायगढ़ रेलवे स्टेशन, फिर ट्रेन से अयोध्या तक का निशुल्क सफर करेंगे। वहां यात्रियों को सवारी गाड़ी से धाम तक ले जाकर श्रीराम का दर्शन कराएंगे। पूरी यात्रा का खर्च मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की छत्तीसगढ़ सरकार वहन कर रही है।





## धान से भरे वाहन सीधा राइस मिल ले जाने का निर्देश

# मिलिंग में अनियमितता बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

खरीफ विवरण वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समितियों से धान का उठाव व मिलिंग कार्य पारदर्शिता के साथ सुव्यवस्थित रूप से एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के समस्त राईस मिलरों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, सहकारिता सहायक आयुक्त व्यासनारायण साहू, मार्कफेड अधिकारी शीतल भोई सहित लगभग 40 राइस मिलर्स उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने मिलरों को बिना रुके धान से भरे वाहन को समिति से सीधा राइस मिल ले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें अच्छे कार्य वाले राइस मिलर्स को 26 जनवरी में सम्मान और गलत करने वाले पर कार्यवाही किया जाएगा। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने कहा कि जिले में धान मिलिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी। धान को किसी भी स्थिति में मिल परिसर पर संग्रहीत करके रखा जाए। सभी राइस मिलरों को तत्काल प्रभाव से मिलिंग कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।









